फा. स. 12016/01/2023-रा.भा.(का-2)(पाट-1)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
***

एनडीसीसी-2 भवन,बी विंग,चौथा तल,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001,
दिनांकः 29 मार्च, 2023

परिपत्र

विषय :- ''केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग (CSOLS) के अधिकारियों हेतु द्वितीय तकनीकी संगोष्ठी'' के आयोजन के संबंध में ।

राजभाषा विभाग द्वारा माननीय केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री अजय कुमार मिश्रा जी की अध्यक्षता में केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग (CSOLS) के अधिकारियों हेतु द्वितीय एक दिवसीय तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 26 मई, 2023 को डॉ. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली में किया जाना है।

2. इस तकनीकी संगोष्ठी/सम्मलेन को समावेशी एवं व्यापक बनाने के लिए विभाग ने संवर्ग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इन प्रतियोगिताओं/सांस्कृतिक कार्यक्रमों में केवल CSOLS (कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी से निदेशक स्तर) के अधिकारी भाग लेने के पात्र होंगे। इन प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों के सुचारू आयोजन हेतु निम्नानुसार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गयी है :-

क्र.सं.	आयोजन का नाम	अधिकारी का नाम
1.	खेल-कूल प्रतियोगिता (i). बैडमिंटन- 6 पुरस्कार(पुरुष+महिला - प्रथम द्वितीय, तृतीय) (ii). कैरम- 3 पुरस्कार(प्रथम, द्वितीय, तृतीय) (iii). शतरंज- 3 पुरस्कार(प्रथम, द्वितीय, तृतीय) (iv). टेबल टेनिस- 6 पुरस्कार (पुरुष+महिला -प्रथम द्वितीय, तृतीय)	1.श्री राकेश कुमार, निदेशक(रा.भा.), गृह मंत्रालय 2.श्री दिनेश कुमार सिंह, सहायक निदेशक, गृह मंत्रालय ई-मेल – dksingh.20@gov.in
2.	विभिन्न प्रतियोगिताएं (i). अनुवाद(हिंदी-अंग्रेजी-हिंदी-03 पुरस्कार (प्रथम, द्वितीय, तृतीय) (ii). निबंध लेखन- 3 पुरस्कार (प्रथम, द्वितीय, तृतीय) (iii). वाद-विवाद-3 पुरस्कार (प्रथम, द्वितीय, तृतीय) iv). प्रश्नोत्तरी(क्विज)- 3 पुरस्कार (प्रथम, द्वितीय, तृतीय)	1. श्री धर्मराज खटीक, निदेशक, सी.टी.बी. 2. श्री राकेश दुबे, परामर्शदाता, राजभाषा विभाग 3. श्री राजेश श्रीवास्तव, उप निदेशक, राजभाषा विभाग, ई-मेल – rakeshb.dubey@nic.in rajesh.srivastva@nic.in,
3.	सांस्कृतिक कार्यक्रम 1.गायन 2.भारतीय शास्त्रीय नृत्य (सांस्कृतिक विरासत पर आधारित)	1. श्रीमती निहारिका सिंह, निदेशक,(रा.भा.), वित्त विभाग 2. श्री अनिल कुमार, उप सचिव, राजभाषा विभाग 3. श्रीमती विभा पंत, अवर सचिव, राजभाषा विभाग ई-मेल-vibha.pant23@nic.in

4.	स्टॉल संबंधी प्रबंधन	1.श्रीमती एस.वी.आर. रमणा, उप सचिव, राजभाषा विभाग 2.श्री रघुवीर शर्मा, सहायक निदेशक, राजभाषा विभाग ई-मेल-raghubir.sharma75@nic.in

3. उक्त सभी अधिकारी अपनी-अपनी प्रतियोगिताओं से सम्बंधित समस्त कार्यों को 17 अप्रैल से 04 मई, 2023 के बीच करवाना सुनिश्चित करवाएं। सभी नोडल अधिकारी प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में विभाग (कार्यान्वयन-2 अनुभाग) के संपर्क में रहें।

4. सीएसओएलएस संवर्ग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा है कि वे उपर्युक्त प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। इन प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी सम्बंधित तालिका में दिए गए ई-मेल आईडी पर अपना विवरण 14 अप्रैल, 2023 तक भेज दें। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 26 मई, 2023 को किया जायेगा। अन्य प्रतियोगिताओं के आयोजन के तारीख की सूचना प्रविष्टियाँ प्राप्त होने के बाद दी जाएगी। सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मलेन के दिन माननीय गृह राज्य मंत्री द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

5. यह आदेश सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)
उप सचिव (का.)
दूरभाष : 011-23438143

सेवा में,

केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के सभी अधिकारी और कर्मचारी

प्रतिलिपि प्रेषित:

1. सचिव, राजभाषा विभाग के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
2. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान निजी सचिव